**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन,जयपुर**

क्रमाक. प.18( )RB/Pv/Store/2017-18/1795 दिनांकः 22 फरवरी, 2019

## नीलामी की विस्तृत सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, सिविल लाईन्स, जयपुर के अनुपयोगी/अप्रचलित/टूटे–फूटे स्टोर्स जिनका कुल पुस्तक मूल्य राशि रूपये 9,01,130/– ( अक्षरे राशि रूपये नो लाख एक हजार एक सौ तीस मात्र ) है, जिसमे से राशि रूपये 6,63,920/– के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रोनिक्स आईटम्स (ई–वेस्ट आईटम्स) है, को जहॉ है जैसा है, के अनुसार नीलाम किया जाना है। उक्त नीलामी दिनांक 08.03.2019 को प्रातः 11.00 बजे राजभवन परिसर, जयपुर में होगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति नियत तिथि को उपस्थित होकर बयाना राशि रूपये 13279/– ( अक्षरे राशि रूपये तेरह हजार दो सौ उन्यासी मात्र ) ई–वेस्ट आईटम्स के लिए एवं राशि रूपये 4744/– ( अक्षरे राशि रूपये चार हजार सात सौ चवालीस मात्र ) अन्य आईटम्स के लिये जमा कराकर बोली में भाग ले सकेंगे। उक्त बोली में अधिकतम बोलीदाता फर्म/व्यक्ति के पक्ष में बोली छोडने अथवा नहीं छोडने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। नीलामी से संबंधित अन्य विवरण व शर्ते राजभवन की website: www.rajbhawan.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

अन्य शर्ते निम्नानुसार होगीं :–

1. नीलामी स्वीकृत होने पर उसी समय पूर्ण राशि जमा करवा कर सामान को उसी कार्य दिवस में उठाना होगा जिसकी मजदूरी व परिवहन व्यय बोलीदाता का होगा।
2. ई–वेस्ट आईटम्स की नीलामी में भाग लेने हेतु Authorised Collection Center, Dismantler and Recycler को राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड मे रजिस्टर्ड होने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
3. नीलामी कमेटी को अधिकार होगा कि बोली किसी भी कारण को बतायें बिना रद्द कर सकती है।
4. सफल बोलीदाता सामान उठाने से पूर्व अनुपयोगी सामान की समस्त राशि कार्यालय में जमा करवायेगा। यदि ऐसा नहीं किया गया तो धरोहर राशि जब्त की जाकर नीलामी पुनः की जायेगी।
5. असफल बोलीदाता की अमानता राशि नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होते ही वापस लौटा दी जावेगी।
6. किसी प्रकार का विवाद होने पर क्षेत्राधिकार न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।
7. नीलामी द्वारा विक्रय किये गये माल पर देय वस्तु एवं सेवा कर व अन्य प्रकार के समस्त करों को अलग से क्रेता को चुकाना होगा।
8. नीलामी की अन्य शर्तों के बारे में किसी भी कार्यालय दिवस को कार्यालय समय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

—Sd—

(हरीश कुमार लालवानी)

वित्तीय सलाहकार

राज्यपाल सचिवालय

क्रमाक. प.18( )RB/Pv/Store/2017-18/1796 दिनांकः 22 फरवरी, 2019

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, सचिव राज्यपाल, राजस्थान, राजभवन, जयुपर।
2. कन्ट्रोलर, राज्यपाल हाउस होल्ड, राजभवन, जयपुर को उपरोक्तानुसार सूचियों की छाया प्रतियों सहित।
3. प्रोग्रामर, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर को राजभवन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
4. सम्बन्धित अनुभाग सामान्य स्टोर/कैटरिंग/EPABX/वर्क्स व उद्यान अनुभाग राजभवन, जयपुर को संलग्न सर्वे रिपोर्ट की प्रति के अनुसार निस्तारण योग्य अप्रचलित/अनुपयोगी सामान उक्त निर्धारित दिनांक को नीलामी स्थल पर रखवाने हेतु ।
5. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

वित्तीय सलाहकार